प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

स्टेशन हाउस मैनेजमेन्ट

दिनांक 05.08.2019 से 09.08.2019

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में दिनांक से 05.08.2019 से 09.08.2019 तक स्टेशन हाउस मैनेजमेन्ट विषय पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स का आयोजन किया गया। अकादमी के निदेशक श्री हेमंत प्रियदर्शी, आई॰पी॰एस॰ अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस के निर्देशन में पुलिस स्टेशन के बेहतर प्रबन्धन के लिए प्रबुद्ध वक्ताओं को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 05 पुलिस निरीक्षक, 25 उप निरीक्षको ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस के प्रथम एवं दूसरे सत्र में श्री एम.एम.अत्रे, महानिरीक्षक पुलिस (सेवानिवृत) ने पुलिस स्टेशन एस्टेब्लिस्मेन्ट एवं लीगल प्रोविजन एवं पुलिस स्टेशन ड्यूटीज तथा प्रशासनिक, ज्यूडिसियल, प्रोसिक्यूशन, लोकल बॉडिज तथा एनजीओ, मीडिया, लोकल लीडर्स एवं सोशियल ग्रुप्स के बारे में विस्तार से बताया। अंतिम सत्र में श्रीमती परम ज्योति, आईपीएस, निदेशक इंटेलिजेंस ट्रेनिंग अकादमी, जयपुर ने महिला डेस्क, रिसेप्शन, महिलाओं, वृद्धों और बच्चों को पुलिस स्टेशन में नही बुलाने बाबत कानूनी पहलूओं की जानकारी दी।

द्वितीय दिन **10:00-10:30 AM** तक **श्रीमान** अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक आरपीए द्वारा प्रतिभागियों के साथ स्टेशन हाउस प्रबंधन से सम्बंधित निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की। 1. स्टाफ के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार, 2. बेसिक सुविधाओं का ध्यान रखना, 3. सशक्त मुखविर तंत्र, 4. अपने स्वविवेक से कार्य करना। 5. रोलकॉल में एसएचओ का उपस्थित रहना 6. थाना परिसर एवं आस-पास स्वच्छतता का ध्यान रखना आदि। प्रथम सत्र में परमेश्वर सुथार, एस.आई. पुलिस थाना चूनावढ़, जिला श्री गंगानगर ने मॉडल पुलिस स्टेशन पर अपना व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में श्री गोविन्द पारीक, पीआरओ, पीएचक्यू, जयपुर ने मीडिया प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गयी। अन्तिम सत्र में श्री दिनेश असनानी, एससीआरबी, जयपुर ने आईसीजेएस/सीसीटीएनएस में डाटा कैसे फीड किया जाता है, ऑन लाईन रोजनामचा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में श्री रूपेन्दर सिंह, आईजीपी, सीआईडी (इंटेलिजेंस) ने सार्वजनिक अभिविन्यास और इसके प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान की। द्वितीय सत्र में श्रीमती सुमन राव, पीओ, आरपीए ने थाना पर निरूद्ध व्यक्ति के कल्याण और मानव अधिकार

पर चर्चा की। अन्तिम सत्र में फील्ड विजिट के लिए ट्रान्सपार्ट नगर पुलिस स्टेशन का भ्रमण करवाया जाकर थाना के बेहतर प्रबन्धन व रिकार्ड के रख रखाव सम्बन्धी जानकारी दी गई।

चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र में श्री हरि प्रसाद शर्मा, महानिरीक्षक पुलिस (सेवानिवृत) ने अनुसंधान प्रबंधन के बारे में चर्चा करते हुए शीघ्र, उचित और पारदर्शी तफ्तीश, निवारक कार्रवाई, विशेषज्ञ की राय, चार्ज शीट की SOP के बारे में विस्तार से समझाया। द्वितीय सत्र में श्री एस.एस. बिस्सा, आईएएस (सेवानिवृत) ने शासन और नैतिकता पर विस्तार से जानकारी दी। अन्तिम सत्र में डॉ. जी.एस. डंगायच प्रोफेसर एमएनआईटी, जयपुर ने 5S जापानी अवधारणा के बारे में जानकारी देते हुए कार्य स्थल पर कार्य क्षमता बेहतर करने बाबत बताया।

कोर्स के अंतिम दिवस के प्रथम व द्वितीय सत्र में श्री राम सिंह शेखावत, डिप्टी कमाण्डेन्ट, पांचवी बटालियन आरएसी, जयपुर ने थाना पर ड्यूटी रोस्टर सिस्टम एवं पुलिस कर्मियों की जवाब देही तय करने बाबत बताया। रिकार्ड व मालखाना के बेहतर रख रखाव के बारे में विस्तार से बताया। थाना के बेहतर प्रबन्धन, चुनौतियों व उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह दिनांक 09.08.2019 को कॉन्फ्रेंस हॉल नं. 02 में आयोजित किया गया। श्री दरजाराम, उ.पु.अ., कोर्स निदेशक द्वारा पावर पाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से कोर्स रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण किया गया एवं प्रतिभागियों द्वारा प्रजेन्टेशन दिया गया। श्री विजय कुमार सिंह, आईजीपी रूल्स, जयपुर ने प्रतिभागियों से कोर्स के संबंध में 1. थाने पर आने वाले परिवादी के साथ शालीन व्यवहार व यथाशीघ्र समस्या का समाधान की कोशिश, 2 थाने के स्टाफ को साथ लेकर टीम वर्क के साथ कार्य करना, 3. जनता से अधिकाधिक जनसर्म्पक संवाद, 4. 30 सितम्बर तक प्रत्येक दिन एक घण्टा सीसीटीएनएस पर कार्य कर उसे सिखना, 5. मालखाना का स्वच्छ रख-रखाव व समय पर निस्तारण करना, 6. मीडिया, प्रशासन के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करना। 7. न्यायपालिका के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करना आदि बिन्दुओं पर चर्चा कर कोर्स की महत्ता के बारे में बताया व प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। कोर्स निदेशक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स समाप्ति की घोषणा।